नवगण शिक्षण संस्था, राजुरी (न) द्वारा संचलित
वसंतदादा पाटील कला, वाणिज्य व विज्ञान महाविद्यालय पाटोदा, जि.बीड
हिंदी विभाग

PRINCIPAL
**PROF. ABASAHEB HANGE**
Cell No. 9423715583

SECRETARY
**DR. BHARATBHUSHAN KSHIRSAGAR**

Phone: Office- (02444) 242667, 242067, 242455 Fax: (02444) 243051 Website: www.pvpcollegepatoda.org
E-mail: pvp_patoda@rediffmail.com/pvppatoda@gmail.com

VPCP/2023-24/

Date: 03/04/2024

# वार्षिक अहवाल (2023- 2024)

**प्रेमचंद जयंती (३१ जुलाई २०२३):-**

कलम के सिपाही एवं हिंदी साहित्य के कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 143वीं जयंती 31 जुलाई 2023 को नवगण शिक्षण संस्था, राजुरी (न) संचालित, वसंतदादा पाटिल महाविद्यालय, पाटोदा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्राचार्य प्रोफेसर किशोर मचाले ने की। उनके द्वारा मुंशी प्रेमचंद की प्रतिमा का पूजन एवं माल्यार्पण किया गया। उप प्राचार्य डॉ गणेश पचकोरे, स्नातकोत्तर विभाग निदेशक डॉ. मनोजकुमार प्रकाश, कनिष्ठ विभाग पर्यवेक्षक अनिल जोगदंड, हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ.बळीराम राख, प्रो. रमेश टाकणखार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रास्ताविक में डॉ. बळीराम राख ने मुंशी प्रेमचंद के हिंदी साहित्य में अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रेमचंद की कहानियाँ, उपन्यास, निबंध और नाटक आदि के बारे उन्होंने इस चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिलीप गिऱ्हे ने किया गया। प्रा. जयंत साठे ने धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी शामिल थे।

Vasantdada Patil Arts, Commerce & Science College, Patoda Dist.Beed
OFFICE

**'संत कबीर के साहित्य की प्रासंगिकता' विषय पर प्रो. सय्यद शौकत का उद्बोधनपरक व्याख्यान १ सितंबर २०२३:-**

महाविद्यालय में कर्मचारी कल्याण समिति एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में १ सितंबर २०२३ को संत कबीर के साहित्य की प्रासंगिकता विषय पर प्रो.सय्यद शौकत का व्याख्यान संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.आबासाहेब हांगे ने की। उपप्राचार्य प्रो. किशोर मचाले, उपप्राचार्य डॉ. गणेश पाचकोरे, स्नातकोत्तर विभाग निदेशक डॉ. मनोजकुमार प्रकाश, कनिष्ठ विभाग के उपप्राचार्य श्री.नामदेव चांगन, पर्यवेक्षक श्री. अनिल जोगदंड आदि मंच पर थे। व्याख्यान का प्रस्ताविक हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ. बलिराम राख द्वारा किया गया। प्रोफेसर सय्यद शौकत ने अपने वक्तव्य में संत कबीर के साहित्य की प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि संत कबीर ने अपने दोहों के माध्यम से मूर्तिपूजा एवं अंधविश्वास, जाति-पाति, भेदभाव, का विरोध किया और मानवतावादी विचारों का समर्थन किया। अध्यक्षीय समारोप में प्राचार्य हांगे ने कहा कि संत कबीर के विचार अनुसार मन की प्रसन्नता ही सर्वोत्तम है सम्पति है। मनुष्य नकारात्मक विचारों को नष्ट करता है तो मन प्रसन्न होता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिलीप गिऱ्हे द्वारा किया गया।

**हिंदी दिवस सप्ताह (९ से १५ सितम्बर २०२३) :-**

हिंदी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में ९ से १४ सितम्बर तक अनुवाद लेखन, हिंदी शुद्धलेखन, निबंध, हिंदी सामान्य ज्ञान परीक्षा, जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के श्री. दत्तात्रेय किटाले द्वारा 'हिंदी में रोजगार के सुअवसर' विषय पर दिनांक किया गया १५ सितम्बर को व्याखान संपन्न हुआ। उन्होंने इस दौरान कहा कि हमें हिंदी सीखने के लिए दैनंदिन जीवन में प्रमाण भाषा का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही उन्होंने हिंदी में रोजगार के कई अवसरों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. आबासाहेब हांगे ने की उपप्राचार्य प्रो. किशोर मचाले, उपप्राचार्य डॉ. गणेश पाचकोरे, स्नातकोत्तर

Vasantdada Patil Arts, Commerce & Science College, Patoda, Dist. Beed
OFFICE

विभाग निदेशक डॉ. मनोजकुमार प्रकाश, कनिष्ठ विभाग के उपप्राचार्य श्री.नामदेव चांगन, पर्यवेक्षक श्री. अनिल जोगदंड आदि मंच पर थे। व्याख्यान का प्रस्ताविक हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ. बलिराम राख द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सूत्रसंचालन डॉ. दिलीप गिऱ्हे ने किया।

**प्रयोजनमूलक प्रमाणपत्र कोर्स एवं उपचारात्मक शिक्षण (रेमेडियल टीचिंग) का आयोजन (1 जनवरी 2024 से 31 जनवरी 2024 तक) :**

हिंदी विभाग द्वारा **'प्रयोजनमूलक हिंदी' प्रमाणपत्र कोर्स** का सफलतापूर्वक आयोजन जनवरी 2024 में किया गया |इस प्रमाणपत्र कोर्स में हिंदी के 05 छात्रों ने सहभागिता की | इन छात्रों को प्रमाणपत्र दिया गया | साथ ही विभाग द्वारा **उपचारात्मक शिक्षण (रेमेडियल टीचिंग**) का आयोजन भी किया गया,इसमें 15 छात्रों को मार्गदर्शन किया गया |

**भाषा संवेदना भित्तिपत्रिका का विमोचन (26 जनवरी 2024) :**

महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा भारतीय गणतंत्र दिन के उपलक्ष्य में 26 जनवरी 2024 को भाषा संवेदना इस भित्तिपत्रिका में 'देश प्रेम मेरे लिए' विषय पर विशेषांक का विमोचन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर आबासाहेब हांगे, प्रमुख अतिथि ह.भ.प. रामकृष्ण रंधवे बापू, कर्नल कल्याण डोरले मा. रणजित दादा जाधव, माजी मुख्याध्यापक शिंदे गुरुजी जेष्ठ समाजसेवक इकबाल पेंटर, पोस्ट मास्टर नारायणकर, रंगकर्मी दिवाकर तडवळकर आदि के करकमलों द्वारा किया गया| इस समय उपप्राचार्य डॉ. गणेश पाचकोरे, प्रोफेसर किशोर मचाले, डॉ. अभय क्षीरसागर, डॉ. ज्ञानेश्वर चौधरी प्रा. नामदेव चांगण, प्रा. अनिल जोगदंड, प्राध्यापक, शिक्षकेतर कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित थे| इस पत्रिका का संपादन ऋषीकेश वार व उषा गायकवाड ने किया| इसके लिये हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. न. पु. काळे, डॉ. दिलीप गिऱ्हे, प्रा. जयंत साठे इन्होने मार्गदर्शन किया|

**मा. डॉ. भारतभूषण क्षीरसागर साहेब इनके जन्मदिन पर शुद्ध हस्ताक्षर प्रतियोगिता का आयोजन (15 फरवरी 2024) :**

हिंदी विभाग द्वारा नवगण शिक्षण संस्था के सचिव मा. डॉ. भारतभूषणजी क्षीरसागर साहेब इनके जन्मदिन पर 'शुद्ध हस्ताक्षर' स्पर्धा का आयोजन दिनांक 15 फरवरी 2024 को किया गया| इस स्पर्धा परीक्षा का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर आबासाहेब हांगे की उपस्थिति में किया गया| इस समय महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. गणेश पाचकोरे, प्रोफेसर किशोर मचाले, डॉ. अभय क्षीरसागर, डॉ. ज्ञानेश्वर चौधरी प्रा. नामदेव चांगण, प्रा. अनिल जोगदंड उपस्थित थे | इस परीक्षा में कु.सानप पुनम बापुराव ने प्रथम क्रमांक, मोमीन रेहान जाफर ने द्वितीय क्रमांक तथा नागरगोजे शीतल विभीषण ने तृतीय क्रमांक प्राप्त किया| इन छात्रों का 17 फरवरी 2024 को मा. डॉ. भारतभूषणजी क्षीरसागर साहेब इनके जन्मदिन पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर आबासाहेब हांगे के करकमलों द्वारा प्रमाणपत्र देकर स्वागत किया गया|

इस परीक्षा आयोजन के लिए हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. न. पु. काळे, डॉ. दिलीप गिऱ्हे, प्रा. जयंत साठे इन्होने विशेष परिश्रम लिए|

**अध्ययन यात्रा ( Study Tour) का आयोजन (15 मार्च 2024) :**

हिंदी विभाग की ओर से मा.न्यायालय, पाटोदा के कार्यालयीन कामकाज, न्यायालयीन कार्य प्रणाली में उपयोग होनेवाली कानूनी भाषा तथा हिंदी भाषा का प्रयोग आदि की जानकारी मिलने के लिए दिनांक 15 मार्च 2024 को भेट दी गई| महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर आबासाहेब हांगे इनके मार्गदर्शन पर इस अध्ययन यात्रा का आयोजन किया गया| इस यात्रा का प्रमुख उद्देश था कि न्यायालयीन कामकाज की व्यवस्था को हिंदी भाषा के दृष्टिकोण से जानना तथा इस व्यवस्था में हिंदी भाषा के दृष्टिकोण से कौन-कौनसे रोजगार उपलब्ध है आदि की जानकारी प्राप्त करना| अतः इस यात्रा का उद्देश सफलतापूर्वक प्राप्त हुआ|

न्यायालयीन कामकाज व्यवस्था के बारे में एडहोकेट श्री सचिन जावले, एडहोकेट श्री बालासाहेब लहाले ने छात्रों को मार्गदर्शन किया| अध्ययन यात्रा में प्रशांत शिंदे, थोम्बरे कृष्णा, कोकाटे ज्ञानेश्वर, सालुंके ज्ञानेश्वर, विजय नागरगोजे, बनसोडे नानासाहेब, सोनाली सानप, श्रीराम उफाले, येवले ज्ञानेश्वर, पाटोले पायल, आदि छात्र उपस्थित थे साथ हिंदी विभाग के डॉ.न.पु.काळे, डॉ. दिलीप गिऱ्हे, लोकप्रशासन विभाग के प्रा. शरद पवार, प्रा. प्रदीप मांजरे उपस्थित थे|

**संगोष्ठी आलेख वाचन/ विविध पत्रिकाओं एवं पुस्तकों में आलेख प्रकाशनः**

विभाग के अध्यापक डॉ.न.पु.काळे, डॉ.दिलीप गिऱ्हे इन्होने राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता की एवं जर्नल में शोधालेख प्रकाशित किये |

विभाग प्रमुख
H.O.D.
Department of Hindi
Vasantdada Patil College
Patoda, Dist.Beed (M.S.)

प्राचार्य
Principal
Vasantdada Patil College
Patoda,Tq.Patoda Dist.Beed.

Vasantdada Patil Arts, Commerce & Science College, Patoda, Dist.Beed
OFFICE